कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022 **दिनांक 29/07/2025**

सेवा में,

पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर
अपर पुलिस महानिदेशक,
वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 28.07.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना नगसर हाल्ट पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 39/2025 धारा 69,351(3) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 28.07.2025 को थानाध्यक्ष नगसर हाल्ट मय हमराह द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 39/2025 धारा 69,351(3) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सौरभ कुमार पुत्र मातादीन पाल निवासी नवापुर बोगना थाना मरदह जनपद गाजीपुर उम्र 22 वर्ष को नगसर क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

1.सौरभ कुमार पुत्र मातादीन पाल निवासी नवापुर बोगना थाना मरदह जनपद गाजीपुर उम्र 22 वर्ष

आपराधिक इतिहास–

1.मु0अ0सं0 39/2025 धारा 69,351(3) बीएनएस

02. थाना कोतवाली व एएनटीएफ आपरेशनल यूनिट लखनऊ की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थ (हेरोइन) की अवैध तस्करी करने वाले अभियुक्त को 540 ग्राम मादक पदार्थ मारफीन (जिसकी अन्तराष्ट्रीय कीमत लगभग 54 लाख रुपये), 01अदद कीपैड मोबाईल फोन सैमसंग के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत् एएनटीएफ आपरेशनल यूनिट लखनऊ व थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मादक पदार्थ (मारफीन) की अवैध तस्करी करने वाले अभियुक्त अरशद पुत्र कमरुद्दीन निवासी नईसडक, काजीपुराकला थाना दशाश्वमेध कमिश्नरेट वाराणसी हालपता

महुआबाग निकट हेड पोस्ट आफिस थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र करीब 53 वर्ष को 540 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन (जिसकी अन्तराष्ट्रीय कीमत लगभग 54 लाख रुपये) के साथ महुआबाग के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 566/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर ,अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही **है।**

<u>गिऱफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता-</u>

1.अरशद पुत्र कमरुद्दीन निवासी नईसडक, काजीपुराकला थाना दशाश्वमेध कमिश्नरेट वाराणसी हालपता महुआबाग निकट हेड पोस्ट आफिस थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र करीब 53 वर्ष।

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

1.हेरोईन (मारफीन) 540 ग्राम (जिसकी अन्तराष्ट्रीय कीमत लगभग 54 लाख रुपये)

2.एक अदद कीपैड मोबाईल फोन सैमसंग

आपराधिक इतिहास –

1.मु0अ0सं0 566/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर।

2.मु0अ0सं0-101/2018 धारा 323,452 भादवि थाना दशाश्वमे

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर